Daily Gospel Reflections in Hindi

29 June 2019

लूकस 2:41-51

MARY TREASURED EVERYTHING IN HER HEART

आज के सुसमाचार में माता मरियम के निष्कलंक दिल के बारे में बताता है। पास्का पर्व के लिए संत युसुफ मरियम और येसु येरूसालेम गये। पर्व समाप्त होने पर वे लौट पड़े परंतु येसु माता–पिता के अन्जाने में येरूसालेम रह गया। दुखी होकर ढूंढते–ढूंढते माता–पिता येरूसालेम वापस आते और येसु को मंदिर में पाते है। तब माता मरियम येसु से पूछी तुमने हमारे साथ ऐसा क्यों किया ? येसु ने कहा ''मुझे ढूढंने की जरूरत क्या थी,क्या आप यह नहीं जानती कि मैं निश्चय ही अपने पिता के घर होऊंगा?

जीवन में चाहे कुछ भी हो जाये, बाते समझ से परे हो तब माँ मरियम ईश्वर की प्रार्थना में सामने हाथ जोड़ती है। यह है माँ का निष्कलंक दिल। येसु का यह कथन माँ को समझ में नहीं आया, फिर वह अपने दिल में रखती है, क्योंकि माँ को मालूम है एक दिन उसका अर्थ मुझे मिलेगा। संत लियो कहते है 'अपने गर्भ में येसु को स्वीकार करने के पहले माँ मरियम अपने दिल में विश्वास और प्यार से स्वीकार किया था। विश्वास हमेशा माँ को आगे ले चलता था। क्या माँ के दिल जैसा विश्वास हम में है ?

Rev. Fr. Ebin Uppukandathil

©Rights Reserved. Commission for Social Communications, Diocese of Sagar 2019